# अडाणी सहित 13 कंपनियां करेंगी नोएडा में 3870 करोड़ का निवेश

नोएडा। कोरोना संकटकाल में औद्योगिक विकास को गति देने की कवायद जारी है। नोएडा के अलग-अलग सेक्टरों में 3870 करोड़ रुपये के निवेश का रास्ता साफ हो गया है। अडाणी और डिक्सन टेक्नोलॉजी जैसे बड़े समूह सहित 13 कंपनियों को भूखंड आवंटन करने की संस्तुति समिति ने कर दी है। इन कंपनियों के आने से नोएडा प्राधिकरण को 344 करोड़ रुपये का राजस्व मिलेगा। साथ ही, लगभग 48,512 लोगों के लिए रोजगार के दरवाजे खुलेंगे।

नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 4000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफ ल के भूखंडों के आवंटन की योजना का इस साल 1 फ रवरी को प्रकाशन किया गया था। आवेदन की अंतिम तिथि 21 फ रवरी निर्धारित थी। विभिन्न क्षेत्रफल श्रेणियों में कुल 66 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से एक आवेदन को ब्रोशर के नियम एवं शर्तों पर खरा न उतरने पर निरस्त कर दिया गया था। ब्यूरो

## 48 ,512 लोगों को मिलेगा रोजगार